विकास हर दिन

भारतीय स्टेट बैंक
केन्द्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग,
कारपोरेट केन्द्र, मुम्बई
(फोनः 022-2282 0427; फैक्सः 022-2282 0411; ई-मेलः crpd@sbi.co.in)

# एसबीआई में विशिष्ट पदों पर अधिकारियों की नियुक्ति
## (विज्ञापन नं.: सीआरपीडी/एससीओ-आईटी/2016-17/08)

| | |
|---|---|
| 1. आवेदन का ऑनलाइन पंजीकरण शुरू होने की तिथिः **22.08.2016** | 2. आवेदन का ऑनलाइन पंजीकरण और फीस के भुगतान की अंतिम तिथि: **05.09.2016** |
| 3. भारतीय स्टेट बैंक, केन्द्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कॉरपोरेट केन्द्र, मुंबई को ऑनलाइन आवेदन की हार्ड प्रति और साथ में अनुलग्नक प्राप्त होने की अंतिम तिथि: **10.09.2016** | |

भारतीय स्टेट बैंक अपने यहाँ निम्नलिखित विशिष्ट पदों पर अधिकारियों की नियुक्ति के लिए भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है। उम्मीदवारों से बैंक की वेबसाइट **https://www.sbi.co.in/careers->** के खंड **"Latest Announcements"** में दिए गए लिंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करने के लिए अनुरोध किया जाता है।

| कृपया ध्यान दें | |
|---|---|
| 1. | इस परियोजना के अंतर्गत एक उम्मीदवार मात्र एक पद के लिए ही आवेदन कर सकता/सकती है। |
| 2. | आवेदन के पंजीकरण की प्रक्रिया तभी पूर्ण होगी जब शुल्क भुगतान करने की अंतिम तिथि को या उससे पूर्व निर्धारित शुल्क ऑनलाइन के माध्यम से बैंक में जमा करा दिया जाए। |
| 3. | उम्मीदवारों से अनुरोध है कि आवेदन करने से पहले, वे यह सुनिश्चित कर लें कि पात्रता की तिथि को वे संबंधित पद हेतु पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं। उम्मीदवारों की शार्ट लिस्टिंग और उनका साक्षात्कार दस्तावेजों के सत्यापन के बिना विशुद्ध रूप से अनंतिम होगा। साक्षात्कार के लिए बुलाए गए उम्मीदवारों को साक्षात्कार से पूर्व अपने विवरणों/दस्तावेजों का सत्यापन कराना होगा। |
| 4. | उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे इस संबंध में आवश्यक विवरण और अद्यतन जानकारी के लिए बैंक की वेबसाइट **https://www.sbi.co.in/careers** देखें। |

**विभिन्न पदों से संबंधित रिक्त-पदों और अन्य विवरणों की जानकारी**

| क्रम संख्या | पद | रिक्त-पद | | | | | 01.08.2016 को आयु | | 01.08.2016 को न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | 01.08.2016 को अनुभव |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | कुल | सामान्य | ओबीसी | एससी | एसटी | न्यूनतम | अधिकतम | | |
| 1. | वाइस प्रेसिडेंट (ऑनलाइन फुलफिलमेंट/ समेकन और यात्राएँ/सुपरस्टोर फुलफिलमेंट) | 3 | 1 | 1 | 1 | – | 26 वर्ष | 40 वर्ष | वित्त/विपणन में एमबीए या प्रतिष्ठित संस्थान से समकक्ष डिग्री, प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय/संस्थान से कम्प्यूटर विज्ञान/सूचना प्रौद्योगिकी/इलेक्ट्रॉनिक्स में बीई/बीटेक वाले उम्मीदवारों को वरीयता दी जायेगी. | (i) ऑनलाइन फुलफिलमेंट या (ii) इंटिग्रेशन और यात्रा या (iii) सुपरस्टोर फुलफिलमेंट में प्रासंगिक कार्य का न्यूनतम 5 वर्षों का अनुभव. |
| 2. | प्रॉडक्ट डेवलपमेंट मैनेजर (ई2ई डिजिटाइजेशन) | 3 | 3 | – | – | – | 24 वर्ष | 32 वर्ष | प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय से कम्प्यूटर विज्ञान/सूचना प्रौद्योगिकी/इलेक्ट्रॉनिक्स में बीई/बीटेक. एमबीए वाले उम्मीदवारों को वरीयता दी जायेगी. | बैंकिंग/वित्तीय संस्थाओं में प्रासंगिक कार्य का न्यूनतम 3 वर्षों का अनुभव. |
| 3. | सीनियर मैनेजर (ई-कॉमर्स) | 3 | 3 | – | – | – | 24 वर्ष | 35 वर्ष | प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय/संस्थान से बीई/बीटेक में स्नातक. एमबीए या समकक्ष डिग्री वाले उम्मीदवारों को वरीयता दी जायेगी. | प्रासंगिक कार्य का न्यूनतम 3 वर्षों का अनुभव. |
| 4. | मैनेजर (ई-कॉमर्स) | 4 | 3 | 1 | – | – | 22 वर्ष | 32 वर्ष | प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय/संस्थान से बीई/बीटेक में स्नातक. एमबीए या समकक्ष डिग्री वाले उम्मीदवारों को वरीयता दी जायेगी. | प्रासंगिक कार्य का न्यूनतम 1 वर्ष का अनुभव. |
| 5. | असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट (सर्विसिंग) एमएमजीएस III | 1 | 1 | – | – | – | 25 वर्ष | 35 वर्ष | प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय से कम्प्यूटर विज्ञान/सूचना प्रौद्योगिकी/इलेक्ट्रॉनिक्स में बीई/बीटेक. एमबीए वाले उम्मीदवारों को वरीयता दी जायेगी. | बी2सी/ई-कॉमर्स में प्रासंगिक कार्य का न्यूनतम 4 वर्षों का अनुभव. |
| 6. | असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट (ग्राहक अनुभव) एमएमजीएस III | 3 | 1 | 1 | 1 | – | 25 वर्ष | 35 वर्ष | प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय से कम्प्यूटर विज्ञान/सूचना प्रौद्योगिकी/इलेक्ट्रॉनिक्स में बीई/बीटेक. एमबीए वाले उम्मीदवारों को वरीयता दी जायेगी. | बी2सी/ई-कॉमर्स में प्रासंगिक कार्य का न्यूनतम 4 वर्षों का अनुभव. |
| 7. | असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट (बी2सी बाज़ार अधिग्रहण) एमएमजीएस III | 12 | 6 | 3 | 2 | 1 | 25 वर्ष | 35 वर्ष | प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय से कम्प्यूटर विज्ञान/सूचना प्रौद्योगिकी/इलेक्ट्रॉनिक्स में बीई/बीटेक. एमबीए वाले उम्मीदवारों को वरीयता दी जायेगी. | बी2सी/ई-कॉमर्स में प्रासंगिक कार्य का न्यूनतम 4 वर्षों का अनुभव. |
| 8. | असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट (बी2बी फुलफिलमेंट) एमएमजीएस III | 2 | 1 | 1 | – | – | 25 वर्ष | 35 वर्ष | प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय से कम्प्यूटर विज्ञान/सूचना प्रौद्योगिकी/इलेक्ट्रॉनिक्स में बीई/बीटेक. एमबीए वाले उम्मीदवारों को वरीयता दी जायेगी. | बी2बी/ई-कॉमर्स में प्रासंगिक कार्य का न्यूनतम 4 वर्षों का अनुभव. |
| 9. | असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट (बी2सी फुलफिलमेंट) एमएमजीएस III | 2 | 2 | – | – | – | 25 वर्ष | 35 वर्ष | प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय से कम्प्यूटर विज्ञान/सूचना प्रौद्योगिकी/इलेक्ट्रॉनिक्स में बीई/बीटेक. एमबीए वाले उम्मीदवारों को वरीयता दी जायेगी. | बी2सी/ई-कॉमर्स में प्रासंगिक कार्य का न्यूनतम 4 वर्षों का अनुभव. |

**नोटः**

1. **रिक्त -पद तालिका में क्रम संख्या 1 से 4 के पद** 3 वर्षों की अवधि के लिए संविदागत आधार पर हैं और बैंक के विवेकाधिकार से संविदा का नवीकरण किया जा सकता है, जो दोनों में से किसी एक पक्ष द्वारा एक महीने के नोटिस पर या उसके एवज में एक महीने की मुआवजा राशि का भुगतान/सरेंडर पर समाप्त किया जा सकता है. चयनित उम्मीदवारों को एक रोजगार संविदा पर हस्ताक्षर करना आवश्यक है.
   **पारिश्रमिक सीटीसी आधार पर होगा और उम्मीदवार की योग्यता, अनुभव और संबंधित पदों के लिए समग्र उपयुक्तता के आधार पर परक्राम्य है.**
2. **क्रम संख्या 5 से 9 के पद MMGS-III की वेतनमान पर नियमित आधार पर हैं. वेतनमानः ₹** 42020–1310/5– 48570– 1460/2– 51490, जो डीए, एचआरए और सेवानिवृत्ति लाभ के लिए माना जाता है. भत्ते पोस्टिंग की जगह के आधार पर भिन्न हो सकते हैं. समय-समय पर जारी बैंक के निर्देशों के अनुसार, वे विभिन्न अनुलाभ की प्रतिपूर्ति के लिए पात्र हो जाएंगे, भविष्य निधि, ग्रेच्युटी, नई पेंशन योजना के तहत पेंशन (परिभाषित अंशदान लाभ योजना), मेडिकल, अवकाश किराया, लीज घर की सुविधा और अन्य सुविधाएं.
3. ऊपर उल्लिखित रिक्त-पदों की संख्या अनंतिम हैं और यह बैंक की वास्तविक आवश्यकता के अनुसार भिन्न हो सकती है.
4. दर्शायी गई अधिकतम आयु सामान्य श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए है. ऊपरी आयु सीमा में छूट नीचे दिये अनुसार उपलब्ध होगी.
   **ऊपरी आयु में छूट (आरक्षित रिक्त-पदों के लिए): एससी (अनुसूचित जाति) / एसटी (अनुसूचित जनजाति) -5 वर्ष, ओबीसी (अन्य पिछड़े वर्ग) -3 वर्ष. कृपया ध्यान दें:**
   (i) ओबीसी वर्ग से संबंधित लेकिन 'क्रीमी लेयर' में आने वाले उम्मीदवार ओबीसी आरक्षण और आयु में छूट के लिए हकदार नहीं हैं. वे सामान्य श्रेणी के रूप में अपनी श्रेणी का उल्लेख करें.
   (ii) यदि साक्षात्कार हेतु बुलाया जाता है, तो अनु. जाति / अनु. जनजाति के उम्मीदवारों को भारत सरकार के निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा.
   (iii) यदि साक्षात्कार हेतु बुलाया जाता है, तो ओबीसी श्रेणी के अंतर्गत आरक्षण की मांग करनेवाले उम्मीदवारों को निर्धारित प्रारूप में एक घोषणापत्र प्रस्तुत करना होगा जिसमें यह उल्लेख किया जाएगा कि 01.08.2016 को वह 'क्रीमी लेयर' से संबंधित नहीं है. ऐसे उम्मीदवारों द्वारा 01.04.2016 से साक्षात्कार की तिथि की अवधि के दौरान जारी ''गैर-क्रीमी लेयर'' वाला ओबीसी प्रमाणपत्र प्रस्तुत किया जाना चाहिए.
5. एक पद विशेष के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों पर, बैंक के विवेकाधिकार से, विज्ञापन में उल्लिखित अन्य किसी पद के लिए भी विचार किया जा सकता है.

क. जॉब प्रोफ़ाइल:

| पद | संक्षिप्त जॉब प्रोफ़ाइल | |
|---|---|---|
| 1. वाइस प्रेसिडेंट ऑनलाइन फुलफिलमेंट | 1. ऑनलाइन बाजार के लिए सहज और निर्बाध ग्राहक अनुभव/यात्रा विकसित करना<br>2. ग्राहकों के अनुभव और फुलफिलमेंट लक्ष्य का वितरण सुनिश्चित करने के लिए संबंधित आईटी टीमों के साथ समन्वय करना<br>3. ऑनलाइन बाजार के लिए फुलफिलमेंट और सेवा अनुरोध जैसे लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए जिम्मेदार होना<br>4. डिजिटल विपणन का अच्छा ज्ञान रखना<br>5. ऑनलाइन बाजार यात्रा (प्रक्रिया/यूआई/यूएक्स/फुलफिलमेंट) के लिए ग्राहक अनुभव तैयार करना और विकसित करना<br>6. ऑनलाइन बाजार के लेनदेन के लिए फुलफिलमेंट प्रक्रियाओं को बनाना और विकसित करना<br>7. सेवा अनुरोध, सुलह अनुरोध और शिकायतों की समय-समय पर समीक्षा करना, ग्राहक अनुभव और फुलफिलमेंट की दर में सुधार करने के लिए डिजाइन में परिवर्तन (उत्पाद, प्रक्रिया, यूआई/यूएक्स) के लिए सुझाव देना<br>8. प्रमुख ग्राहक अनुभव मेट्रिक्स समय-समय पर मॉनिटर और ट्रैक करना<br>9. ऑनलाइन लेनदेनों के लिए इनकम लीकेज रोकने के लिए एक अत्यंत सख्त प्रणाली विकसित करना और उचित समाधान सुनिश्चित करना<br>10. शीघ्र ग्राहक सेवा और शिकायत प्रबंधन को सुनिश्चित करना | बैंक द्वारा समय-समय पर सौंपे गए अन्य दूसरे कार्य |
| समेकन और यात्राएँ | 1. समूह की कंपनियों के साथ वित्तीय सुपरस्टोर मंच को एकीकृत करने के लिए जिम्मेदार रहना<br>2. वित्तीय सुपरस्टोर के लिए विपणन के लिए जिम्मेदार होना<br>3. वित्तीय सुपरस्टोर के लिए उत्पाद/ग्राहक यात्राओं के डिजाइन करने के लिए जिम्मेदार होना<br>4. वित्तीय सुपरस्टोर के लिए ग्राहक अधिग्रहण और के लक्ष्य प्राप्त करने के लिए जिम्मेदार होना<br>5. ग्राहक अधिग्रहण और क्रॉस-सेल के लिए विपणन रणनीति (लक्षित वर्गों, ग्राहक प्रोफाइल, लक्षित भौगोलिक क्षेत्र आदि) परिभाषित करना और उन्हें लागू करना<br>6. डिजिटल विपणन का अच्छा ज्ञान रखना<br>7. पहचान और क्रॉस-सेल के लिए विश्लेषिकी कार्यक्रम तैयार करना<br>8. वित्तीय सुपरस्टोर को बढ़ावा देने के लिए ऑनलाइन और सोशल मीडिया अभियानों को तैयार करना | |
| सुपरस्टोर फुलफिलमेंट | 1. वित्तीय सुपरस्टोर के लिए ग्राहक अनुभव के लिए जिम्मेदार होना<br>2. ग्राहकों के अनुभव और फुलफिलमेंट लक्ष्य का वितरण सुनिश्चित करने के लिए संबंधित आईटी टीमों के साथ समन्वय करना<br>3. वित्तीय सुपरस्टोर लेनदेन के लिए फुलफिलमेंट जैसे लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए जिम्मेदार होना<br>4. वित्तीय सुपरस्टोर यात्रा (प्रक्रिया/यूआई/यूएक्स/फुलफिलमेंट) के लिए ग्राहक अनुभवों की रूपरेखा तैयार करना और उन्हें विकसित करना<br>5. वित्तीय सुपरस्टोर के लेनदेन के लिए फुलफिलमेंट प्रक्रियाओं की रूपरेखा तैयार करना और उन्हें विकसित करना<br>6. डिजिटल विपणन का अच्छा ज्ञान रखना<br>7. सेवा अनुरोध, सुलह अनुरोध और शिकायतों का समय-समय पर समीक्षा करना, ग्राहक अनुभव और फुलफिलमेंट की दर में सुधार करने के लिए डिजाइन में परिवर्तन (उत्पाद, प्रक्रिया, यूआई/यूएक्स) के लिए सुझाव देना<br>8. प्रमुख ग्राहक अनुभव मेट्रिक्स समय समय पर मॉनिटर और ट्रैक करना<br>9. ऑनलाइन लेनदेन में इनकम लीकेज देखने के लिए सशक्त और सुस्पष्ट प्रणाली का विकास और उचित सुलह सुनिश्चित करना<br>10. शीघ्र ग्राहक सेवा और शिकायत प्रबंधन को सुनिश्चित करना | |
| 2. प्रॉडक्ट डेवलपमेंट मैनेजर (ई2ई डिजिटाइजेशन) | 1. संबंधित व्यावसायिक इकाइयों को नया स्वरूप देने के लिए मूल प्रक्रियाओं को पहचानना और उन्हें प्राथमिकता देना<br>2. प्राथमिकता वाली प्रक्रियाओं को नया स्वरूप देते समय संभावित कर्मचारियों की पुनः तैनाती और लागत बचत की पहचान करना<br>3. संबंधित व्यावसायिक इकाइयों के लिए संबंधित मूल प्रक्रियाओं को नया स्वरूप देना<br>4. व्यापार इकाइयों के साथ समन्वय में संशोधित प्रक्रिया के अनुमोदन के लिए जिम्मेदार होना<br>5. संशोधित प्रक्रियाओं के लिए एसओपी के लिए जिम्मेदार होना<br>6. संशोधन प्रक्रिया प्रबंधक की 'आन ग्राउंड' प्रतिक्रिया पर आधारित हो<br>7. व्यवसाय इकाइयों से फिर से कल्पित ग्राहक यात्राओं और शुरू किए गए उत्पादों के वांछित बिक्री लक्ष्य की उपलब्धियों के लिए जिम्मेदार होना | |
| 3. सीनियर मैनेजर (ई-कॉमर्स) | 1. ई-कॉमर्स के क्षेत्र में नए उत्पादों/सेवाओं की शुरुआत करने की कार्यनीति के रूप में डिजिटल और ऑनलाइन स्पेस की स्कैनिंग और आवश्यक डेटा उपलब्ध कराना<br>2. कंपनी के साथ बातचीत/सहभागिता कर व्यवहार्य व्यवसाय प्रस्ताव/करार करने के लिए सक्षम होना<br>3. बाजार/उद्योग की आवश्यकताओं के आधार पर नए रचनात्मक /उत्पादों के सुझाव से विपणन सहायता प्रदान करना<br>4. ऑनलाइन पोर्टल के अधिकारियों/ई-कॉमर्स कंपनी चलानेवाले/आईटी विक्रेताओं के साथ बैठकों की अग्रसक्रिय रूप की व्यवस्था करना<br>5. ग्राहकों के अनुकूल डिजिटल ई-कॉमर्स के उत्पादों को विकसित करने के लिए तकनीकी सहायता प्रदान करना<br>6. विपणन प्रयासों के एक भाग के रूप में समय-समय पर अभियान प्रबंधन करना | |
| 4. मैनेजर (ई-कॉमर्स) | 1. कॉर्पोरेट ग्राहकों के साथ बैठकों/कार्यशालाओं के आयोजन द्वारा विपणन सहायता प्रदान करना<br>2. ई-कॉमर्स के लिए मर्चेण्टों/संस्थानों के साथ नए गठजोड़ की व्यवस्था करना<br>3. विक्रेताओं/टीएसपी के साथ बातचीत/सहभागिता करना जिससे कि दोनों पक्षों के लिए लाभप्रद स्थिति को प्राप्त किया जा सके।<br>4. लेनदेन में इनकम लीकेज देखने के लिए सशक्त और सुस्पष्ट प्रणाली विकसित करना और उचित समाधान सुनिश्चित करना<br>5. त्वरित ग्राहक सेवा और शिकायत प्रबंधन को सुनिश्चित करना।<br>6. डिजिटल बैंकिंग क्षेत्र में कार्यक्षमताओं और नई पहल की खोज सहित सेवा पर नए विचारों का सुझाव देना<br>7. ग्राहकों की शिकायतों का समय पर समाधान सुनिश्चित करना | |
| 5. असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट (सर्विसिंग) | 1. प्रस्तावित यूआई/यूएक्स डिजाइन का वितरण सुनिश्चित करने के लिए आईटी टीमों के साथ संबंध स्थापित करना<br>2. ग्राहकों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए वीपी/डीजीएम, ग्राहक अनुभव द्वारा यथा निर्देशित पहल कार्यान्वित करना<br>3. डिजिटल बैंक के लिए ग्राहकों के अनुभव के महत्वपूर्ण आँकड़े प्राप्त करना/निगरानी करना और नजर रखना (एनपीएस, प्रत्येक उत्पाद के लिए सर्विस टीएटी) और प्रबंधक, ग्राहक अनुभव को रिपोर्ट देना<br>4. सेवा अनुरोध नियमित रूप से ट्रैक करना और बार बार के अनुरोध/प्रवृत्तियों की पहचान करना और सीइएक्स में सुधार के लिए पहल सुझाव देना<br>5. समय-समय पर ग्राहक अनुभव में सुधार के लिए प्रतिस्पर्धा ग्राहक अनुभव का अध्ययन करना और परिवर्तन/पहल के लिए सुझाव देना<br>6. उत्पाद विकास और अनुवर्ती के लिए व्यवसाय इकाइयों के साथ बातचीत और समन्वय स्थापित करना | |
| 6. असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट (ग्राहक अनुभव) | 1. फुलफिलमेंट अर्थात, समाधान, कैशबॅक आदि के लिए जीआईटीसी और विक्रेता के साथ समन्वय करना<br>2. डिजिटल बैंक के लिए ऑनलाइन उपयोग के महत्वपूर्ण आँकड़े प्राप्त करना/निगरानी करना और नजर रखना (पृष्ठ अवलोकन क्लिक के माध्यम से, और रूपांतरण) और प्रबंधक, विपणन को रिपोर्ट देना<br>3. डिजिटल बैंक के लिए सोशल मीडिया फॉलोअरशिप में महत्वपूर्ण प्रवृत्तियों को प्राप्त करना/निगरानी करना और नजर रखना और प्रबंधक, विपणन को रिपोर्ट देना<br>4. एसईओ/एसईएम पहल के कार्यान्वयन का ट्रैक रखना<br>5. ऑनलाइन और सोशल मीडिया चैनलों से ग्राहकों की प्रतिक्रिया पर निगरानी रखना, संश्लेषण करना और उन्हें एकत्रित करना<br>6. ऑनलाइन और सोशल मीडिया अभियान को लागू करना<br>7. ऑनलाइन लेनदेन में इनकम लीकेज देखने के लिए सशक्त और सुस्पष्ट प्रणाली विकसित करना और उचित समाधान सुनिश्चित करना<br>8. शीघ्र ग्राहक सेवा और शिकायत प्रबंधन को सुनिश्चित करना<br>9. डिजिटल बैंक के लिए ग्राहक अधिग्रहण और डिजिटल बिक्री लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जिम्मेदार रहना. नए ग्राहकों की ऑनबोर्डिंग के विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए जिम्मेदार रहना<br>10. ऑनलाइन ऋण उत्पादों (खुदरा और एसएमई) के विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए जिम्मेदार रहना<br>11. वैल्यू श्रृंखला वित्तपोषण के विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए जिम्मेदार रहना | |

| | | |
|---|---|---|
| 7. असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट (बी2सी बाजार अधिग्रहण) | 1. बी2सी बाजार के लिए ग्राहक यात्राओं और उत्पादों की रूपरेखा तैयार करना और उन्हें विकसित करना<br>2. पहचान और क्रॉस–सेल के लिए विश्लेषिकी कार्यक्रम तैयार करना (आईटी एनालिटिक्स टीम के समन्वय के साथ)<br>3. ऑनलाइन बाजार के लिए लायल्टी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करना और उन्हें लागू करना<br>4. बी2सी भागीदारों के साथ बातचीत की कार्यनीति और करार की व्यवस्था को तैयार और उन्हें लागू करना<br>5. बी2सी बाजार के भागीदारों को साइन–अपकरने के कार्य से जुड़े रहना (सोर्सिंग, बातचीत और करार भी शामिल है)<br>6. डिजिटल सक्रिय ग्राहकों की संख्या में वृद्धि करने की जिम्मेदारी लेना<br>7. बी2सी साझेदारी से ग्राहक अधिग्रहण और GMV (सकल माल खंड) विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए जिम्मेदार रहना<br>8. ऑनलाइन और सोशल मीडिया अभियान को लागू करना और उस पर नजर रखना<br>9. एसईओ/एसईएम पहल के कार्यान्वयन पर ट्रैक रखना | |
| 8. असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट (बी2बी फुलफिलमेंट) | 1. शिकायतों का प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के लिए आईटी टीमों के साथ समन्वय करना<br>2. विभिन्न उत्पादों के फुलफिलमेंट दरों पर निगरानी और नजर रखना तथा रिपोर्ट प्रस्तुत करना<br>3. शिकायतों पर नियमित रूप से नजर रखना और बार–बार आनेवाली शिकायतों की पहचान करना तथा बेहतर ग्राहक सेवा के लिए नई पहल का सुझाव देना<br>4. शिकायतों के समाधान के लिए टीएटी ट्रैक करें<br>5. शिकायतों को कम करने के लिए उन्हें पहचानना और नई पहलों को लागू करना<br>6. ऑनलाइन बाजार के लेनदेन के लिए फुलफिलमेंट प्रक्रियाओं को तैयार करना और उन्हें लागू करना<br>7. ऑनलाइन लेनदेन में इनकम लीकेज देखने के लिए सशक्त और सुस्पष्ट प्रणाली विकसित करना और उचित समाधान सुनिश्चित करना | |
| 9. असिस्टंट वाइस प्रेसिडेंट (बी2सी फुलफिलमेंट) | 1. शिकायतों का प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के लिए आईटी टीमों के साथ समन्वय करना<br>2. विभिन्न उत्पादों के फुलफिलमेंट दरों को मॉनिटर और ट्रैक करना और रिपोर्ट प्रस्तुत करना<br>3. ग्राहक अनुभव में सुधार हेतु शिकायतों पर नियमित रूप से नजर रखना और बार–बार आनेवाली शिकायतों की पहचान करना और नई पहल का सुझाव देना<br>4. शिकायतों के समाधान के लिए टीएटी ट्रैक करना<br>5. शिकायतों को कम करने के लिए उसे पहचानें और पहल को लागू करना<br>6. ऑनलाइन बाजार के लेनदेन के लिए फुलफिलमेंट प्रक्रियाओं को तैयार कर उन्हें लागू करना<br>7. ऑनलाइन लेनदेन में इनकम लीकेज देखने के लिए सशक्त और सुस्पष्ट प्रणाली विकसित करना और उचित समाधान सुनिश्चित करना | |

**ख. चयन प्रक्रिया:** चयन शॉर्ट लिस्टिंग और व्यक्तिगत साक्षात्कार के आधार पर किया जाएगा.

**साक्षात्कार:** बैंक द्वारा उम्मीदवारों की योग्यता, अनुभव और उनकी समग्र उपयुक्तता के आधार पर उन्हें पर्याप्त संख्या में साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा. साक्षात्कार में अर्हता अंक का निर्धारण बैंक द्वारा किया जाएगा.

**मेरिट सूची:** मेरिट सूची अवरोही क्रम में केवल साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के आधार पर तैयार की जाएगी. एक से अधिक उम्मीदवारों द्वारा कट ऑफ़ मार्क प्राप्त करने पर (कट ऑफ़ बिंदु पर कामन मार्क), उम्मीदवारों की प्रतीक्षा सूची और चयन सूची दोनों उनकी उम्र के हिसाब से अवरोही क्रम में तैयार की जाएगी.

**ग. आवेदन कैसे करें:**

- उम्मीदवारों की वैध ई–मेल आईडी होना चाहिए जिसे उन्हें परिणाम घोषित होने तक सक्रिय रखना होगा. इससे उन्हें कॉल लेटर/साक्षात्कार सूचना प्राप्त करने में मदद मिलेगी.

**क. ऑनलाइन आवेदन भरने के लिए दिशानिर्देश:**

i) उम्मीदवारों को बैंक की वेबसाइट **https://www.sbi.co.in/careers** के माध्यम से खुद को ऑनलाइन पंजीकृत कर और डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग आदि के माध्यम से आवेदन शुल्क का भुगतान करना आवश्यक होगा।

ii) उम्मीदवारों को पहले अपने फोटो और हस्ताक्षर स्कैन करने चाहिए। ऑनलाइन आवेदन तब तक पंजीकृत नहीं किए जा सकेंगे जब तक उम्मीदवार निर्दिष्ट तरीके से अपना फोटो और हस्ताक्षर अपलोड न करे।

iii) उम्मीदवार को बैंक की वेबसाइट **https://www.sbi.co.in/careers** पर **"Latest Announcements"** खंड में उपयुक्त ऑनलाइन आवेदन फ़ॉर्मेट खोलना चाहिए।

iv) आवेदन ध्यान से भरें। एक बार आवेदन पूरी तरह से भरने पर, उम्मीदवार को डेटा सबमिट करना चाहिए। एक ही बार में डेटा न भर पाने की स्थिति में, वह पहले से दर्ज डेटा को सेव कर सकता है। जब डेटा सेव करते हैं, तो सिस्टम द्वारा एक (provisional) अनंतिम पंजीकरण नम्बर और पासवर्ड सृजित किया जाएगा और यह स्क्रीन पर प्रदर्शित होगा। उम्मीदवार को अपनी पंजीकरण संख्या और पासवर्ड लिख लेना चाहिए। पंजीकृत नंबर और पासवर्ड का उपयोग कर वे सेव किए डेटा को फिर से खोल सकते हैं और आवश्यक हो, तो विवरणों में संशोधन कर सकते हैं। यह सुविधा केवल तीन बार ही उपलब्ध होगी। अतः आवेदन पूरी तरह भरने के बाद, उम्मीदवार डेटा सबमिट करे और ऑनलाइन से शुल्क का भुगतान करे।

**ख. शुल्क भुगतान:**

i) आवेदन शुल्क और सूचना प्रभार (वापसी योग्य नहीं) सामान्य और ओबीसी श्रेणी के लिए ₹ 600/– और अन्य आरक्षित श्रेणियों के लिए ₹ 100/– रहेगा.

ii) शुल्क भुगतान उस समय उपलब्ध पेमेंट गेटवे के माध्यम से ऑनलाइन करना होगा।

iii) आवेदन फार्म में विवरणों की सत्यता सुनिश्चित करने के बाद उम्मीदवारों को एकीकृत पेमेंट गेटवे के माध्यम से फीस का भुगतान करना आवश्यक है। उसके बाद किसी परिवर्तन/संशोधन की अनुमति नहीं होगी।

iv) स्क्रीन पर पूछी गई जानकारी उपलब्ध कराकर भुगतान डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से किया जा सकता है। ऑनलाइन भुगतान के लिए लेनदेन प्रभार, यदि कोई हो, उम्मीदवारों द्वारा वहन किया जाएगा।

v) लेनदेन के सफल होने पर, तिथि के साथ उम्मीदवार की ई–रसीद और आवेदन पत्र सृजित होगा. उम्मीदवार इसका प्रिंट लेकर अपने पास रख लें.

vi) अगर ऑनलाइन लेनदेन सफलतापूर्वक संपन्न नहीं होता हो, तो कृपया फिर से पंजीकरण करें और ऑनलाइन भुगतान करें.

vii) शुल्क विवरण वाली ई–रसीद और आवेदन फार्म का प्रिंट बाद की तिथि में भी प्राप्त किया जा सकता है।

**ङ. आवेदन (ऑनलाइन पंजीकृत) की स्कैन प्रतियाँ और साथ में (i) आईडी प्रूफ़ (ii) जन्म तिथि का प्रमाण (iii) शैक्षिक प्रमाणपत्रः अंक तालिका/डिग्री प्रमाणपत्र (iv) अनुभव प्रमाणपत्र (v) संक्षिप्त रिज्यूम (vi) शुल्क भुगतान के लिए यथा प्रयोज्य ई–रसीद, भारतीय स्टेट बैंक, केंद्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कॉरपोरेट केंद्र, तृतीय तल, अटलांटा बिल्डिंग, नरीमन पॉइंट, मुंबई – 400021 को डाक द्वारा भेजी जानी चाहिए, जो हमारे पास 10.09.2016 तक पहुँच जानी चाहिए.**

**उक्त तिथि तक आवश्यक दस्तावेजों के साथ ऑनलाइन आवेदन की स्कैन प्रति प्राप्त नहीं होने पर उम्मीदवारों की शार्ट लिस्टिंग और साक्षात्कार के लिए विचार नहीं किया जाएगा।**

**च. सामान्य जानकारी:**

i) उम्मीदवारों को आवेदित पद के लिए अपनी पात्रता के बारे में स्वयं संतुष्ट होना चाहिए।

ii) सरकारी/अर्ध–सरकारी कार्यालयों, राष्ट्रीयकृत बैंकों और वित्तीय संस्थाओं सहित सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में सेवारत उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि वे साक्षात्कार के समय अपने नियोक्ता से प्राप्त अनापत्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करें। ऐसा नहीं करने पर उनकी उम्मीदवारिता पर विचार नहीं किया जाएगा और उन्हें यात्रा भत्ता, यदि कोई हो, जो अन्यथा स्वीकार्य भी है, तो उसका भुगतान नहीं किया जाएगा।

iii) चयन हो जाने के मामले में, ऐसे उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र लेते समय नियोक्ता से प्राप्त कार्य–मुक्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।

iv) उम्मीदवारों को उनके स्वयं के हित में सलाह दी जाती है कि अंतिम तिथि से काफ़ी पहले ऑनलाइन आवेदन करें और अंतिम तिथि का इंतजार न करें ताकि इंटरनेट पर भारी बोझ या वेबसाइट जाम होने के कारण वेबसाइट पर लॉग इन करने में डिस्कनेक्शन/असमर्थता/विफलता की संभावना से बचा जा सके।

v) भारतीय स्टेट बैंक के नियंत्रण से परे उपर्युक्त कारणों पर या किसी अन्य कारण से उम्मीदवारों के अंतिम तिथि के अंदर अपने आवेदन पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाने के लिए भारतीय स्टेट बैंक की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

vi) **भर्ती के किसी भी चरण में यह पता चलने पर कि यह उम्मीदवार पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता है तथा/अथवा उसने कोई भी गलत/झूठी जानकारी प्रस्तुत की है या कोई भी तथ्य छुपाया/छुपाएं हैं तो उसकी उम्मीदवारिता रद्द कर दी जाएगी। ये कमियां नियुक्ति के बाद भी पता चलती हैं, तो उसकी सेवाएं समाप्त की जा सकती हैं।**

vii) उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि सूचनाएं, अर्थात कॉल लेटर/साक्षात्कार सूचना आदि प्राप्त करने के लिए अपना ई–मेल आईडी सक्रिय रखें।

viii) **सभी मामलों में पात्रता, साक्षात्कार संचालन, अन्य परीक्षा और चयन पर बैंक का निर्णय अंतिम और सभी उम्मीदवारों के लिए बाध्यकारी होगा। इस संबंध में किसी भी अभ्यावेदन या पत्र–व्यवहार का बैंक द्वारा जवाब नहीं दिया जाएगा।**

ix) चयनित उम्मीदवार की नियुक्ति बैंक की आवश्यकता के अनुसार उसके चिकित्सा की दृष्टि से फिट घोषित होने के अध्यधीन रहेगी। ऐसी नियुक्ति बैंक में ऐसे पद के लिए, बैंक में कार्य–ग्रहण करने के समय लागू बैंक के सेवा और आचरण नियमों के तहत होगी।

x) इस विज्ञापन तथा/अथवा इसके जवाब में प्राप्त किसी आवेदन से संबंधित किसी भी दावे या विवाद के किसी भी मामले में कानूनी कार्यवाही केवल मुंबई में ही शुरू की जा सकती है और ऐसे कारण/विवाद का निपटान करने का एकमात्र और अनन्य अधिकार केवल मुंबई स्थित न्यायालय/अधिकरण/मंच के पास ही रहेगा।

**मुंबई – 400021**
**दिनांक: 20.08.2016**

**महाप्रबंधक**
**(सीआरपीडी)**